Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to implement and transfer the completed projects under Pradhan Mantri Jan Vikas Programme in Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष जी, 8 जनवरी, 2021 को प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय समिति की बैठक लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस बैठक में उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित परियोजनाओं में से 28 परियोजनाएं ऐसी हैं, जो पूर्ण तो हो गई हैं, परन्तु अभी तक हस्तांतरित नहीं हो पाई हैं। इन योजनाओं में 14 इंटर कॉलेज, 1 आईटीआई, 4 पॉलीटेक्निक, 2 प्राइमरी स्कूल, 1 हाई स्कूल, 5 पाइप वाटर सप्लाई परियोजनाएं हैं। इसके अतिरिक्त 32 परियोजनाएं हस्तगत हो गई हैं, किन्तु सम्बंधित प्रशासनिक विभागों द्वारा इन्हें क्रियाशील नहीं किया गया है। इनमें 20 इंटर कॉलेज, 2 आईटीआई, 1 पॉलीटेक्निक, 1 आयुर्वेदिक हॉस्पिटल तथा 8 हाई स्कूल में उच्चीकृत जूनियर हाई स्कूल हैं। उक्त परियोजनाएं प्रशासनिक स्तर पर घोर लापरवाही व सरकारी धन के अपव्यय के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाती हैं।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन योजनाओं का चयन तथा निर्माण करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सार्वजनिक धन के अपव्यय व अपने अधिकारों का मनमाने ढंग से क्रियान्वयन तथा कार्यप्रणाली की जांच कराकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की कृपा करें। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।